E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–10 / 2022......4635 प0 16/12/2022

आदेश

प्रस्तुत अपील "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी श्रीमती प्रीति गुप्ता (Emp. ID No.- AEN01331), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0– 1615 दिनांक– 02.07.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्रीमती प्रीति गुप्ता को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल के द्वारा दी गई है। प्रस्तुत अपील में निर्धारित तिथि 07.10.2022 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपीलार्थी के अपील पर अपना मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर आदेश पर रखा गया है।

दिनांक– 05.05.2022 को नालंदा जिला के निरीक्षण के क्रम में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की ग्रामवार समीक्षा की गई, जिसमें श्रीमती प्रीति गुप्ता (Emp. ID No.- AEN01331), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन को आवंटित मौजा–करियाना, राजस्व थाना नं0–438 का किस्तवार कार्य 11 माह की लम्बी अवधि में भी पूर्ण नहीं किया गया है। साथ ही मौजा–चाँदीमो, राजस्व थाना नं0–444 का किस्तवार कार्य 09 माह में पूर्ण किया गया है। किस्तवार कार्य समाप्ति के बाद भी पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, श्रीमती प्रीति गुप्ता द्वारा खानापुरी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। समीक्षात्मक बैठक में इस संबंध में उनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। निदेशालय द्वारा कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के संबंध में पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, श्रीमती प्रीति गुप्ता से स्पष्टीकरण की मांग की गई। स्पष्टीकरण प्राप्त।स्पष्टीकरण पर नोडल पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गई।

पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, श्रीमती प्रीति गुप्ता से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8 (4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत श्रीमती प्रीति गुप्ता (Emp. ID No.- AEN01331), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा अनुबंध रद्द किया गया है।

अपीलार्थी का कथन है कि मौजा–करियाना, राजस्व थाना नं0–438 में किस्तवार कार्य दिनांक– 29.06.2021 को प्रारंभ की। मौजा जलमग्न रहने के कारण 415 खेसरों का किस्तवार कार्य 17.07.2021 तक पूर्ण कर ली थी। मौजा–चाँदीमो, थाना नं0–444 का किस्तवार कार्य दिनांक– 23.07.2021 से आरंभ किया। दिनांक– 19.04.2022 तक मौजा–चाँदीमो, थाना नं0–444 के किस्तवार पूर्ण कर ली। शिविर प्रभारी के आदेशानुसार मौजा–चाँदीमो का खानापुरी कार्य प्रारंभ न करके पुनः करियाना मौजा के बचे खेसरे का किस्तवार कार्य दिनांक– 26.04.2022 से दिनांक–29.06.2022 के बीच करते हुए कुल 9597 खेसरों का किस्तवार कार्य मात्र 03 माह में पूर्ण कर लिया गया है।

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के मंतव्य अपीलार्थी के कथन एवं अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी द्वारा अपने अपील आवेदन में उपलब्ध कराए गए साक्ष्य सत्य प्रतीत होता है।

उक्त के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश–1615 दिनांक– 02.07.2022 को रद्द किया जाता है तथा श्रीमती प्रीति गुप्ता (Emp. ID No.- AEN01331), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन को तीन माह के मानदेय राशि की कटौती कर संविदा अनुबंध तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाता है। साथ ही श्रीमती प्रीति गुप्ता की बर्खास्तगी की तिथि से योगदान की तिथि के बीच की अवधि तक मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांकः– संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–10/2022 4635 **पटना, दिनांक :–** 16/12/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती प्रीति गुप्ता (Emp. ID No.- AEN01331), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा, Email- preetigrasra@gmail.com, अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–10/2022 4635 **पटना, दिनांक :–** 16/12/2022

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–10/2022 4635 **पटना, दिनांक :–** 16/12/2022

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–10/2022 4635 **पटना, दिनांक :–** 16/12/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप